इस मुक़ाम अचरजी को पाय मिली । खोल खिड़की को अंदरून चली ॥१८॥	इयमद्भुताधिष्ठानं लब्ध्वा मिलितः। गवाक्षमुद्घाट्य अन्तः गतः ॥१८॥
आगे चल सत्तलोक पहुँची धाय । और अमी का अहार दम दम खाय॥१९॥	अग्रे गत्वा सत्तलोकं गतः धावित्वा। अमृताहारं कृतं शक्तिं प्राप्य ॥१९॥
आगे इसके अलख अगम है मुक़ाम । तिस परे हैगा राधास्वामी नाम ॥२०॥	अनन्तरं स्तः अलखागमौ स्थलौ। तस्माद् परे अस्ति राधास्वामीनाम ॥२०॥
यह मुक़ाम है अकह अपार अनाम। संत बिन कौन पा सके यह धाम ॥२१॥	अधिष्ठानोऽयमस्ति अकहापारानाम च। संतं विना कः लब्धुं क्षमः एनं धामम् ॥२१॥
भेद सब इस जगह तमाम हुआ । सब हुए चुप्प मैं भी चुप्प हुआ ॥२२॥	अत्र सर्वभेद: समाप्तः जातः । सर्वे शान्ताः जाताः अहमपि शान्तः अभवम्॥२२॥

॥ ग़ज़ल ३ ॥ निज रूप पूरे सतगुरू का	
हिंदी	संस्कृत
निज रूप पूरे सतगुरू का प्रेम मन में छा रहा । बचन अमृत धार उनके सुन अमी में न्हा रहा ॥ १ ॥	निजरूप: पूर्णसद्गुरोः प्रेम मनसि व्याप्यते । तेषाममृतधारवचनानि श्रुत्वा अमृतरसे स्नाति ॥ १ ॥
जब से चरनों में लगा और धूर चरनों की लई । मन के अंतर का अँधेरा मैल सब जाता रहा ॥ २ ॥	यदात: चरणयोः अयुनजम् चरणधूलिश्च गृहीता । अन्तर्मनसः अन्धकार: मालिन्यं सर्वं समाप्तम् ॥ २ ॥
मुखड़ा सुहावन कद्द सीधा चाल अति शोभा भरी । तेज रोशन सीने अंदर मन को घायल कर रहा ॥ ३ ॥	शोभामयाननः ऋजुः परिणाहः चलनं शोभामयम् । तीव्रं प्रकाशं वक्षसि मन: करोत्याहतम् ॥ ३ ॥
जो किया सतसंग सतगुरु और बचन पूरे सुने । दीन दुनिया झूठी लागी और न उनका ग़म रहा ॥ ४ ॥	यो कृत: सद्गुरो: सत्सङ्गः च पूर्णप्रवचनानि श्रुतानि । लोकपरलोकौ मृथा जातौ न जातः तयोः क्षोभ: ॥ ४ ॥
पिंड का सब भेद पोशीदा मुझे ज़ाहिर हुआ । मेहर से पूरे गुरू के काम मेरा बन रहा ॥ ५ ॥	पिण्डस्य सर्वं गुप्तभेदं माम् प्रकटितम् । पूर्ण गुरोः कृपया मम कार्यं सम्पन्नम् ॥ ५ ॥
सुर्त ने जब धुन को पकड़ा आस्माँ पर चढ़ गई । हो गई क़ाबिल वहाँ पर फिर न कोई ग़म रहा ॥ ६ ॥	यदात्मा ध्वनिं अगृह्णात् गगने आरोहितः । तत्राभूतयोग्यः न कोऽपि रंज: अवशिष्टः ॥ ६ ॥

॥ वज़न २ ॥ सुर्त आवाज़ को पकड़ के गई	
हिंदी	संस्कृत
सुर्त आवाज़ को पकड़ के गई । नभ पर पहुँची व जानकार हुई ॥ ७ ॥	आत्मा ध्वनिं गृहीत्वा गतः। गगनं गतः ज्ञानवान् च भूतः ॥ ७ ॥
देखी वहाँ पर अजब नवीन बहार । और अनुभव जगा हुई सरशार ॥ ८॥	दृष्टः तत्राद्भुतनवा च शोभा। प्राप्तः अनुभवः पूर्णः सन्तुष्टश्च जातः ॥ ८॥
दुक्ख जन्म और मरन की तकलीफ़ात हो गई दूर और गई आफ़ात ॥ ९॥	जन्ममृत्योः दुःखानि कष्टानि च। अपसृतानि गता विपत्तयश्च ॥ ९॥
भेद अन्तर का मुझ पै हाल खुला। जब कि सतगुरु से मैं सवाल किया ॥१०॥	अंतर्भेदं सद्यः प्रकटितं मयि। यदाहयहं सद्गुरुं प्रश्नमपृच्छम् ॥१०॥
देह को ख़ाक की मैं छोड़ गया । काल भी थक के मुझसे बाज़ रहा ॥११॥	चिताभस्मं देहं त्यक्तं मया। कालोऽपि श्रान्तं भूत्वा पराजितः ॥११॥
सुर्त आकाश पर चढ़ी इक बार । कर्म कारज गए हुई करतार ॥ १२ ॥	एकदात्मारोहितः गगने । गतानि कर्मकार्याणि च कर्ता अभूत् ॥ १२ ॥
मेरे सतगुरु ने जब करी किरपा । पद से जाकर मिली बियोग गया ॥१३॥	मम सद्गुरुः यदा कृता कृपा। अयुनजं पदे समाप्तः वियोगश्च ॥१३॥
करमी शरई नमाज़ी क्या जानें । भेद अभ्यासी आप पहिचानें ॥१४॥	कर्मकाण्डिनः कुरानानुयायिनः नमाज़पाठकाः किं जानन्ति। अभ्यासिनः स्वयं जानन्ति अस्य भेदम् ॥१४॥
विद्यावान सब रहे मूरख । अंतरी भेद को न जानें कुछ ॥१५॥	सर्वे विद्यावन्तः सन्ति मूर्खाः । अंतर्भेदं न किमपि जानन्ति ॥१५॥
संशय में सब जगत रहा कूड़ा । रहा बाचक न पाया गुरु पूरा ॥१६॥	संशये सर्वसंसारः अभूत् अवस्करः । अस्ति वाचकज्ञानी न प्राप्तः पूर्णगुरुः ॥१६॥
पाये सतगुरु उसी का जागा भाग। बाक़ी बाद और बिबाद में रहे लाग ॥१७॥	येन प्राप्ताः सद्गुरवः तस्यैव जागृतं भाग्यम्। शेषाः सन्ति संलग्नाः वादविवादेषु ॥१७॥
राधास्वामी गुरू ने की किरपा । भाग जागा है मेरा अब धुर का ॥१८॥	राधास्वामीदयालुः कृता कृपा। भाग्यं जागृतं ममाद्य सर्वोच्चपदस्य ॥१८॥

॥ ग़ज़ल १० ॥ यह सतसंग और राधास्वामी है नाम	
हिंदी	संस्कृत
यह सतसंग और राधास्वामी है नाम । सरन आओ हे करमियों तुम तमाम ॥ १ ॥	सत्सङ्गोऽयं राधास्वामीनामश्च वर्तते । हे कर्तृणि सर्वे शरणमायान्तु ॥ १ ॥
जो सतगुरु से चाहो दया की नज़र । सुरत और मन और मत भेंट कर ॥ २ ॥	सद्गुरो: दयादृष्टिं वाञ्छय चेत्तर्हि । आत्मामनमतानि च समर्पयत ॥ २ ॥
ख़राब हैगी हालत सभों की यहाँ । बचा चाहो सतगुरु सरन लो मियाँ ॥ ३ ॥	सर्वेषामास्त्यत्र दुर्दशाः । रक्षां वाञ्छसि चेत्तर्हि सद्गुरुं शरणमायाहि ॥३॥
हटा करके संसै सरन में तू आ । प्रीति और परतीत दृढ़ कर सदा ॥ ४ ॥	संशयानपवार्य शरणमायाहि । प्रीतिप्रतीतिञ्च दृढ़ं करोतु सदा ॥४॥
तू सतगुरु के दरवाज़े पर कर पुकार । और उनके भक्तों का रस्ता बुहार ॥ ५ ॥	त्वं सद्गुरुद्वारे आह्वानं कुरु । तेषां भक्तानां मार्गं मार्जय ॥५॥
पतंगा सा सतगुरु पै आपे को वार । सिंघासन की धूल अपने पलकों से झाड़ ॥ ६ ॥	शलभवदात्मानं सद्गुरौ समर्पय । सिंहासनस्य धूलिं स्व नेत्रपक्ष्माभ्यां निर्धूली कुरु ॥ ६ ॥
कभी मेहर से शहद देवें तुझे । मुनासिब समझ ज़हर देवें तुझे ॥ ७ ॥	कदापि दयया मधुं दद्युः त्वाम् । उचितं ज्ञात्वा विषं दद्यु: चेत्तर्हि ॥ ७ ॥
तु चुप होके ले और सिर पर चढ़ा । तू खुश होके पी और कह यह सदा ॥ ८ ॥	त्वं शान्तं भूत्वा गृहाण च शिरसि स्पर्शय । त्वं प्रसन्नं भूत्वा पानं कुरु आह्वानं कुरु च ॥ ८ ॥
कि धन धन हैं धन धन हैं सतगुरु मेरे । उतारेंगे भौजल से बेशक परे ॥ ९ ॥	यत् धन्याः धन्याः धन्याः धन्याः सन्ति मम सद्गुरवः । निश्चितरूपेण भवसागरात् तारयिष्यन्ति ॥ ९ ॥

॥अशआर सतगुरु महिमा ॥ संत बचन हिरदे में धरना	
हिंदी	संस्कृत
संत बचन हिरदे में धरना | उनसे मुख मोड़न नहिं करना ॥ १ ॥	संतवचनानि हृदये दध्यात्। न प्रत्यावर्तेत मुखं तेभ्यः।।१।।
मीठा कड़ुवा बोल सुहाई । मत को तेरे दे हैं पकाई ॥ २ ॥	मधुरकटुवचनानि रोचेरन् । तव मतं पक्ष्यन्ति।।२।।
गरम सरद का सोच न लाना । नरक अगिन से तोहि बचाना ॥ ३ ॥	उष्णशीतयोः विचारं नानयेत्। नरकाग्नितः तव रक्षां करिष्यन्ति।।३।।
तेरी समझ है किनके माहीं । गुरु पूरा खोजो जग माहीं ॥ ४ ॥	कणवदस्ति तव ज्ञानम्। मार्गयेत् पूर्णगुरुं जगति।।४।।
उन सँग किनका पावे ज्ञान । मार लेय तू मन शैतान ॥ ५ ॥	तैः सह कणज्ञानं प्राप्स्यति। हन्यात् दुष्टमनः ।।५।।
गुरु पूरा कस्तूर समान । बाहर खूँ घट मुश्क बसान ॥ ६ ॥	मृगमदवत् पूर्णगुरुः। बहिः रुधिरं घटे मृगमदः।।६।।
जब वे घट का भेद सुनावें। नभ की ओर सुरत मन धावें ॥ ७ ॥	यदा ते घटस्य भेदं वर्णयेयुः। आत्मामनश्च नभं प्रति धावतः।।७।।
अँधे को शीशा दिखलाना। ऐसे हरि पत्थर में जाना ॥ ८ ॥	नेत्रहीनाय दर्पणदर्शनम् । एवं जानीयात् हरिं प्रस्तरे ।।८।।
गुरु बिन घट में राह न चलना। डर और बिघन अनेकन मिलना ॥ ९ ॥	गुरुं विना घटे मार्गं न व्रजेत्। अनेकभयाविघ्नाश्च प्राप्स्यन्ति।।९।।
गुरु रक्षा जाके सँग नाहीं । उसको काल करम भरमाहीं ॥१०॥	येन सह नास्ति गुरुरक्षा। तं भ्रमयन्ति कालकर्माणि च ॥१०॥
याते सतगुरु ओट पकड़ना । झूठे गुरु से काज न सरना ॥११॥	तस्माद् सद्गुरुशरणं गृहणीयात् । असद्गुरुणा न सम्पद्यते कार्यम् ॥११॥
गिर समान उन छाया जग में । सुरत बिहंगम रहत अधर में ॥१२॥	गिरि इव तेषां छाया जगति विद्यते। आत्माविहगः वसति अधरम् ॥१२॥
जो मन करड़ा पत्थर होवे । गुरु से मिलत जवाहिर होवे ॥१३॥	यो मनः भवेत् ग्रावा। गुरुणा मिलित्वा भवति हीरकः ॥१३॥
बँदगी भजन करे सौ बरसा । गुरु का संग दुघड़िया बढ़का ॥१४॥	यो करोत्याराधनाध्यानञ्च शतवर्षपर्यन्तम्। गुरोः द्विनिमेषयोः संगः श्रेष्ठतरः तस्मात् ॥१४॥

जो मालिक का चहे दीदार । जा तू बैठ गुरू दरबार ॥१५॥	परमप्रभोः दर्शनमिच्छति चेत्तर्हि। त्वं गुरुसदनं गत्वा तिष्ठ ॥१५॥
मालिक का बालक गुरु पूर । मालिक का हरदम मंजूर ॥१६॥	परमप्रभोः बाल: पूर्णगुरुः। परमप्रभोः प्रतिक्षणं स्वीकृतस्वरूप: ॥१६॥
गुरु पूरे को समरथ जान । करम बान उलटावें आन ॥१७॥	पूर्णगुरुं समर्थं जानीयात्। कर्मवाणं प्रत्यावर्तिष्यन्ते ॥१७॥
जो मालिक का सुनता बोल । उसका बचन सही कर तोल ॥१८॥	शृणोषि परमप्रभोः प्रवचनं चेत्तर्हि। तेषां वचनं सम्यक् रूपेण तोलय ॥१८॥
जो तू घट में चालनहार । चलने वाला सँग ले यार ॥ १९ ॥	यो त्वं घटे चालकः। सुहृद् सङ्गं गृहय गच्छ ॥ १९ ॥
हिन्दू चाहे मुसलमाँ होवे। अरबी होय तुरक चाहे होवे ॥२०॥	हिन्दुभवेत् वा यवनो भवेत् । अरबतुरकवासक: वा भवेत् ॥२०॥
रूप रंग उसका मत देख । सरधा भाव निशाना पेख ॥ २१॥	मा पश्य तेषां रूपवर्णञ्च । श्रद्धया संकेतं पश्य ॥ २१॥
जिनके है मालिक का प्यार । हिन्दू और तुरक दोउ यार ॥२२॥	येषु परमप्रभोः प्रेम वर्तते । हिन्दुतुरक इत्येते मित्रे ॥२२॥
जो हैं माते मन के केल । दो हिन्दू का होय न मेल ॥२३॥	ये सन्ति मदोन्मत्ता: मनसः क्रीडायाम् । हिन्दुजनयोः न भवति मेलम् ॥२३॥
भान रूप मालिक सुन भाई । नर देही में रहा छिपाई ॥२४॥	श्रुणु भ्राता! परमप्रभुः भानुरूपः । तेषां नरदेहे गूढ़ोऽस्ति ॥२४॥
फूल खिलें गुलनारी जबही। बाग़ सुहावन लागे जबही ॥२५॥	यदा प्रगाढ़रक्तपुष्पा: विकसन्ति । तदा शोभायमानानि प्रतीयन्ते उद्यानानि ॥२५॥
अस गुरु संग करे जो कोई । पूरे सँग पूरा होय सोई ॥ २६॥	ईदृग् गुरोः संगं करोति यो कोऽपि । पूर्णं प्राप्य पूर्णं भवति सैव॥ २६॥
गुरु पूरे का सेवक बरतर । क्या जो हुकम करें राजों पर ॥२७॥	पूर्णगुरोः सेवक: भद्रतरः । स आदेष्टा राजानाम् ॥२७॥
हर दम सुरत चढ़े ऊँचे को । मालिक ताज ख़ास दिया उसको ॥२८॥	प्रतिपलमात्मारोहति उच्चपदेषु । परमप्रभुः अददः सुकिरीटम् ॥२८॥
गुरु की गति परखो अन्तर में । बे परखे मत मानो मन में ॥२९॥	गुरोः गतिमवलोकयतु अन्तसि । अपरीक्ष्यमावधारय मनसि ॥२९॥
जो गुरु परख न पावे घट में ।	घटे निरीक्षयितुं न क्षमः गुरुं चेत्तर्हि ।

तो मत जाय अकेला बट में ॥३०॥	मा गच्छ मार्गे एकाकी ॥३०॥
रस्ते में है काल का घेरा शब्द सुना दुख देहै घनेरा ॥३१॥	मार्गेऽस्ति कालस्य वृत्तम् । शब्दं श्रावयित्वा भवति दुःखदम् ॥३१॥
अभ्यासी को कहे पुकारी । शब्द सुनो आओ सरन हमारी ॥३२॥	अभ्यासिनं च आह्वयति। शब्दं श्रुणु शरणमागच्छतु नः ॥३२॥
जो कोई काल शब्द में रचिया । घर नहिं जाय राह में पचिया ॥३३॥	यो कोऽपि कालशब्दे रमति । गृहं न गत्वा मार्गे भ्रमति ॥३३॥
धावत जाय काल के घर को । भिड़ा शेर खा जावें उसको ॥३४॥	कालगृहं धावति सः । वृकसिंहयोश्च कवलं भवति सः ॥३४॥
काल शब्द की यह पहिचान । मन चाहे धन आदर मान ॥३५॥	कालशब्दस्य इदममिधानम् । मनवाञ्छाः धनादरमानाश्च ॥३५॥
काल शब्द में चित्त न लाओ । तब निज घर का भेद खुलाओ ॥३६॥	कालशब्दे चित्तं मा रमयतु । तदा निजगृहस्य भेदं प्रकाशय ॥३६॥
जिस घट परघट सत का नूर । उसको पूजें देव और हूर ॥३७॥	यस्मिन् घटे सत्तालोकः प्रकाशति । तं अर्चन्ति देवादिव्यनार्यश्च ॥३७॥
साध का निरखो आँख और माथा । सत्त का नूर रहे जिस साथा ॥३८॥	साधपुरुषाणामवलोकयतु चक्षुषी मस्तकञ्च । येन सह भवेत् सत्तालोकः ॥३८॥
यह चिन्ह देख करें पहिचान । गुरु पद का जिन हिरदे ज्ञान ॥ ३९॥	अमुं चिह्नं दृष्ट्वा अभिज्ञानं कुर्यात् । येषु हृदयेषु भवति गुरुपदस्य ज्ञानम् ॥ ३९॥
परम पुरुष सम गुरु को जान । बिन जिभ्या कहें बचन सुजान ॥४०॥	गुरुं परमपुरुषं समं जानीयात् । जिभ्यां विना सुज्ञानवचनं कथेयुः ॥४०॥
वही हकीम और वही उस्ताद । हिये में सुनत रहो उन नाद ॥४१॥	सैव वैद्यः सैव विज्ञः । हृदये श्रृणुयात् तेषां शब्दाः ॥४१॥
छोड़ कुसंगी से तू प्यार । सच्चा संगी खोजो यार ॥४२॥	कुसंगिना सह मोहं त्यज । हे मित्रम्! सत्संगिनं अन्वेषयेत् ॥४२॥
जिन कीना सतगुरु का संग । सत्तपुरुष का पाया रंग ॥४३॥	येन कृतः सद्गुरोः सङ्गः । सत्तपुरुषस्य रंगं प्राप्तं तेन ॥४३॥
झूठे गुरु का जो सँग लाय। नरक पड़े और अति दुख पाय ॥४४॥	यो करोत्यसद् गुरोः सङ्गम् । नरके गत्वा प्राप्नोति अतिदुःखम् ॥४४॥
गत मत भेद संत का भारी । वही पावे जिन तन मन वारी ॥४५॥	संतपुरुषस्य गतिमतभेदाश्च अतिबृहद् । यो समर्पयति तनुमनश्च सैवाप्नोति ॥४५॥

संत न देखें बोल और चाल । वे परखें अंतर का हाल ॥४६॥	संत पुरुषाः न पश्यन्ति वार्तालापम् ते ईक्षन्ते चेतसः अन्तस दशाम् ॥४६॥
गुरु का हाथ पुरुष का हाथ । हाजिर ग़ायब सब के साथ ॥४७॥	गुरोः हस्तः परमपुरुषस्य हस्तः प्रकटं वा गुप्तं वा सर्वे सह॥४७॥
उनका हाथ बहु लंबा ऊँचा । सात मुक़ाम के ऊपर पहुँचा ॥४८॥	तेषां हस्तः अति दीर्घम् उच्चं च सप्त स्थानानाम् ऊपरि प्राप्तः॥४८॥
जो तू सिर को राखा चाह । दीन होय गुरु सरनी आय ॥४६॥	चेद् त्वं शिरः वाञ्छसि दीनं भूत्वा गुरुशरणं आगच्छ॥४९॥
गुरु तुझको सब भाँति बचावें । काल बिघन सब दूर करावें ॥५०॥	गुरुः त्वां सर्वविधिना रक्षन्ति सर्व कालविघ्नान अपसारयन्ति॥५०॥
झूठे गुरु की ओट न गहना । सतगुरु चरन सरन सुख लेना ॥५१॥	मा गच्छ मिथ्या गुरु शरणम्। सद्गुरोः चरणशरणे सुखं लभस्व॥५१॥
जिन सतगुरु का संग न कीना । दुख पाया हुआ काल अधीना ॥५२॥	येन सद्गुरुसंगं न कृतम् दुःखं प्राप्तं कालाधीनमभूत्॥५२॥
जो हुआ सतगुरु की छाँह । सूरज लागा उसके पाँय ॥५३॥	यः सद्गुरोः छायाम् आगच्छति तस्य पादयोः सूर्यः नमति॥५३॥

॥ बहर दूसरी ॥ जो तुझे चलना है तो इस ढंग चल	
हिंदी	संस्कृत
जो तुझे चलना है तो इस ढंग चल । जो ख़िज़र है तौ भी गुरु के संग चल ॥ ५४॥	चेद् चलसि त्वमनया विधिना चल। यद्यस्ति देवदूतः तथापि गुरुणा सह चल ॥ ५४ ॥
बन सके जहाँ तक तू गुरु से मुख न फेर । सेवा कर अभ्यास कर मत कर तू देर ॥५५ ॥	यथासम्भवं गुरोः मुखं न प्रत्यावर्तस्व। सेवां कुरु अभ्यासं कुरु मा कुरु विलम्बं त्वम् ॥ ५५ ॥
निरभै मत हो खौफ़ रख मन में सदा । लाज तज बदनाम हो जग से जुदा ॥ ५६ ॥	मा भव भयहीनं भयं धार सदैव मनसि। लज्जां त्यज अपयशं प्राप्य जगतः पृथग् भव ॥ ५६ ॥
कोई तरह यह मन नहीं हाथ आयेगा । पूरे गुरू की छाया से मर जायगा ॥ ५७ ॥	केनापि प्रकारेण न नियन्त्रितं भविष्यति इदं मनः। पूर्णगुरोः छायया मृत्युं प्राप्स्यति ॥ ५७ ॥
इसलिये दामन को तू उनके पकड़ । छोड़ मत ऐ यार उसको धर जकड़ ॥ ५८ ॥	तस्माद् गृहाण तेषां वस्त्राञ्चलम्। रे मित्रम् ! मा त्यज दृढबन्धनं कुरु तैः सह ॥ ५८ ॥
जो तू मज़बूती से पकड़ेगा चरन । मिल गई मालिक की तुझको निज सरन॥५९॥	चेद् त्वं दृढ़तया गृहीष्यसि तेषां चरणौ। प्राप्तं भविष्यति परमप्रभोः निजशरणं त्वाम् ॥ ५९ ॥
देख हरदम मेहर उनकी अपने साथ । नित निरख सिर पर तू अपने उनका हाथ॥६०॥	निरन्तरं पश्य आशीर्वृष्टिं तेषाम्। नित्यमवलोकय शिरसि तेषां हस्तम् ॥ ६० ॥
गुरु के हिरदे में तू कर ले अपना घर । सुर्त रूप अपना निरख चढ़ मानसर ॥ ६१ ॥	गुरोः हृदये त्वं कुरु स्व वासम्। स्वात्मारूपं पश्य मानसरोवरमारोह ॥ ६१ ॥
गुरु की ताड़ और मार सह धर कर पियार। मूरखों की अस्तुती पर ख़ाक डार ॥ ६२ ॥	प्रेम्णा सह गुरोः प्रताडनाम्। धूलिं प्रक्षिप मूर्खाणां प्रशंसायाम् ॥ ६२ ॥

गुरु से परमारथ की दौलत पायेगा । सुरत सँग चेतन्न अँग हो जायगा ॥६३॥	गुरो: परमार्थस्य सम्पत्तिं प्राप्यसि । आत्मना सह चैतन्यांगं भविष्यसि ॥६३॥
पूरे गुरु को खटमुखी आईना जान । मालिक उसमें बैठ कर देखे है आन ॥६४॥	पूर्णगुरुं जानीहि षड्मुखदर्पणम् । तस्मिन् उषित्वा पश्यन्ति परमप्रभु: ॥६४॥
बे वसीलें गुरु के परमारथ न पाय । चाहे कोई कुछ करे निज घर न जाय ॥६५॥	गुरुं विना न प्राप्यसि परमार्थम् । कोऽपि कुर्यात् किमपि न गन्तुं क्षम: स्वगृहम्॥६५॥
जिनको मालिक का हुआ हासिल विसाल । थोड़ा सा मैंने कहा यह उनका हाल ॥६६॥	येन प्राप्त: परमप्रभो मेल: । मया कथित: तेषामल्प वृत्तान्त: ॥६६॥
पूरे गुरु हैं शेर वे करते शिकार । और सब बाक़ी हैं उनके टुकड़ेख्वार ॥६७॥	पूर्ण गुरु: सिंह च कुर्वन्त्याखेटम् । शेषा: सन्ति तेषां ग्रासाश्रिता: ॥६७॥
बस रहो चुप और गुरु सरनी गहो । हुकम मानो उनके चरनों में रहो ॥६८॥	अलं शान्तं भव गृहाण गुरुशरणम् । कुरु आज्ञापालनं च वसे तेषां चरणयो: ॥६८॥
ओट पूरे की गहो पूरे बनो । नीच की संगत न कर नहीं सिर धुनो ॥६९॥	पूर्णगुरो: शरणमागत्य पूर्ण भव । मा कुरु निकृष्टस्य संगमन्यथा धोष्यासि शिरम्॥६९॥
जो भजन और बंदगी हर की करै । या करम और धरम सब बिध से करै ॥७०॥	यो करोति प्रभो: भजनध्यानञ्च । वा करोति कर्मधर्मश्च सर्वविधिना ॥७०॥
गुरु की फटकार और निरादर जिन सहा । वह हुआ इन सबसे बेहतर मैं कहा ॥७१॥	यै: अमर्षन् गुरो: निर्भत्सनं निरादरञ्च । सैव श्रेष्ठ: अहम् अवदम् ॥७१॥
हक़ ने पैग़म्बर को समझाया कि मैं । मिल नहीं सकता ज़मीं अस्मान में ॥७२॥	खुदेति निराकारेण बोधितवन्तः पैगम्बरम्। न प्राप्तं भवितुं शक्नोम्यहं धरागगनयो: वा॥७२॥
ऊँचे और नीचे ठिकाने में नहीं । अर्श कुरसी पर भी मैं रहता नहीं ॥७३॥	उच्चनिम्नस्थलेष्वपि न । न वसाम्यहं सर्वोच्चगगनस्यपीठेऽपि ॥७३॥
दिल में भक्तों के मैं रहता हूँ सदा । जो मुझे चाहे तो माँग उनसे तू जा॥७४॥	सदैव वसाम्यहं भक्तानां हृदयेषु। यो इच्छति माम् याचनां कुरु तेभ्य: ॥७४॥
गुरु की महिमा का समझना हैगा यह । दीन हो चरनों में तू ज्यों खाक रह ॥७५॥	गुरो: महिमाया अवबोधनम् इदम् । दीनं भूत्वा चरणयो: धूलिवत् वर्तस्व ॥७५॥
एक कर हर गुरु का क्या है मानना । अपना आपा उनके सन्मुख घालना ॥७६॥	ऐक्यं कुरु कथं पृथग् मन्यते प्रभुं गुरुञ्च । तेषां समक्षं नष्टं कुरु स्वास्तित्वम् ॥७६॥

जिसके दिल से उड़ गये दुनियाँ के रंग । गैब के नक़्श उसमें झलकें बेदरंग ॥७७॥	उत्पतिता: जगद् रंगाः यस्मात् हृदयात् । गुप्तस्थानानां संकेताः तस्मिन् दृश्यन्ते सद्यः ॥७७॥
जो नज़र अपने क़सूरों पर करे । जल्द पूरा होवे रस्ता तै करे ॥७८॥	यो कुर्यात् दृष्टिपातं स्वदोषेसु । शीघ्रं पूर्णं भवेत् पन्थानं पारयेत् च ॥७८॥
आपको जाने है पूरा जो अजान । थक रहा रस्ते में हक़ के वह निदान॥७९॥	यो पूर्णाज्ञेयोऽस्ति स जानाति त्वाम् । प्रभोमार्गे सैवोदार: श्रान्तः भवति ॥७९॥

॥ महिमा अनहद शब्द और जुगत उसकी प्राप्ति की ॥ भर्म की ठेंठी निकालो कान से	
हिंदी	संस्कृत
भर्म की ठेंठी निकालो कान से । तब लगाओ ध्यान अनहद तान से ॥८०॥	भ्रममालिन्यं निष्कासयतु कर्णात् । योजस्व शब्देन सह ध्यानं तदा ॥८०॥
सुर्त के कानों से फिर तू शब्द सुन । शब्द कहो चाहे कहो अंतर बचन ॥८१॥	आत्मनः कर्णाभ्यां श्रृणु शब्दं तदा । शब्दः वदेत् वा वदेदन्तस् वचनम् ॥८१॥
घट में जो उठती है रागों की सदा । जो कहूँ मैं तुझसे हाल उसका ज़रा ॥८२॥	घटे ये भवन्ति रागानां ध्वनयः । यो वदाम्यहं तुभ्यं लेशमात्रवृत्तान्तं तस्य ॥८२॥
जान मुरदों की उठें क़बरों से भाग । ऐसा अन्तर का है बाजा और राग ॥८३॥	शवगर्तेभ्यः धावन्ति प्राणा: मृतानाम् । ईदृशोऽस्ति अन्तस् वाद्यं रागञ्च ॥८३॥
कान से चित दे सुनो आवाज़ को । पर सुनाते हैं नहीं इस राज़ को ॥८४॥	एकाग्रचित्तं भूत्वा कर्णेन श्रृणु ध्वनिम् । परं न श्रावयन्ति भेदममुम् ॥८४॥
लाओ पाओं के तले तू आस्माँ । शब्द ऊँचे देस का सुन सूरमा ॥८५॥	आनयतु पादौ अध: गगनम् । हे वीर उच्चदेशस्य शब्दं श्रृणु ॥८५॥
जो निदा खैंचे है ऊँचे को तुझे । जान वह धुन आई ऊँचे से तुझे ॥८६॥	य: ध्वनिराकर्षत्युच्चपदेषु त्वाम् । जानीहि स: ध्वनिरागता उच्चपदात्तुभ्यम् ॥८६॥
सुन के जो आवाज़ जागे कामना । काल की आवाज़ है घर घालना ॥८७॥	यं ध्वनिं श्रुत्वा जागर्ति कामना । स: कालध्वनि: नश्यति य: ॥८७॥
देख ले तू यों पैग़म्बर ने कहा। । आती है आवाज़ हक़ मुझको सदा ॥८८॥	पश्य पैगम्बरेति सन्देशवाहकेन एवं कथितम् । हक़ इति ध्वनिः श्रूयते मां सदा ॥८८॥
मुहर कानों पर तुम्हारे है लगी । सुन नहीं सकते हो अनहद धुन कभी ॥८९॥	तव छादनमस्ति कर्णयोः । कदापि श्रोतुं न क्षमः अनहदध्वनिं ॥८९॥
सुनता हूँ आवाज़ हक़ घट में सदा । दिल को मेरे करती है पाक और सफ़ा ॥९०॥	श्रृणोम्यहं घटे हक़ध्वनिं सदा। य: करोति मम हृदयं निर्मलं स्वच्छञ्च ॥९०॥
काटते और खोदते रस्ता रहो । मरते दम तक एक दम ग़ाफ़िल न हो ॥९१॥	मार्गं कृन्ते: खनेश्च । मरणपर्यन्तं नितान्तशिथिलं मा भव ॥९१॥

॥ वज़न २ ॥ रूह है हुक्म भेद अंस ख़ुदा	
हिंदी	संस्कृत
रूह है हुक्म भेद अंस ख़ुदा । बेज़बाँ करती है आवाज़ सदा ॥ ९२ ॥	आत्मास्ति ईश्वरस्यांश: आज्ञात: भेद: । जिह्वां विना करोति ध्वनिं सदा ॥ ९२ ॥
हाय बंधन धरे तू देही का । न सुने ज़िक्र पाक मालिक का ॥ ९३ ॥	खेदं देहस्य बन्धनं धरसि त्वम् । न श्रृणोषि चैतन्यचर्चामीश्वरस्य ॥ ९३ ॥
यार तुझको पुकारता दिन रात । तू न सुनता है हाय उसकी बात ॥९४ ॥	ईश्वर: आह्वयति त्वां दिवारात्रम् । खेदं न श्रृणोषि त्वं वार्तां तेषाम्॥९४ ॥
सब जगह है आवाज़ उसकी पूर । खोल कानों को अपने धर के शऊर ॥९५॥	सर्वेषु स्थलेषु व्याप्यते तेषां पूर्णध्वनि: । विधिना स्वकर्णौ अपावृतं कुरु ॥ ९५ ॥
कान का खोलना यही है सुनो। शब्द बाहर का सुनना बंद करो ॥ ९६ ॥	कर्णयोरपावृतकरणमयमेव श्रृणु । रुद्ध बाह्यशब्दस्य श्रवणम् ॥ ९६ ॥
वह है आवाज़ हर वक़्त जारी । घट में जन्म और मरन से है न्यारी ॥९७॥	स: ध्वनि: ध्वनति प्रतिक्षणम् । घटे जन्ममृत्युभ्यां स: पृथग् ॥ ९७ ॥
आदि और अंत उसका है बेहद । इस सबब से कहें उसे अनहद ॥ ९८ ॥	तस्या: आद्यन्तं सीमारहितम् । तस्मादस्ति सा अनहदध्वनि: ॥ ९८ ॥
पहले ज़ाहिर हुआ शब्द भंडार । फिर हुआ पैदा उससे सब संसार ॥९९ ॥	प्रथमः प्रकटित: शब्दभण्डार: । अनन्तरं तस्माद् जात: विश्व: ॥ ९९ ॥
शब्द करता न जो अपना इज़हार । कभी परघट न होता यह संसार ॥ १०० ॥	चेद् शब्द: न प्रकटित: । कदापि न सृष्टः जगतोऽयम् ॥ १०० ॥
सुनो वह शब्द और लो आनंद । भूल आपे को छोड़ दे दुख दंड ॥ १०१ ॥	श्रृणु तं शब्दं च गृहाण आनन्दं च । विस्मरतु स्वास्तित्वं त्यज दु:खदण्डं च ॥ १०१ ॥

॥ ग़ज़ल ३ ॥ बड़ा ज़ुल्म है मेरे यार यह ।	
हिंदी	संस्कृत
बड़ा ज़ुल्म है मेरे यार यह । कि तू जाय सैर को बाग़ के ॥ तू कँवल से आप ही कम नहीं । हिये मैं उलट के चमन में आ ॥१०२॥	अति अत्याचारः मम मित्रम् । यत्त्वं भ्रमणार्थं गच्छसि उपवने ॥ न त्वं न्यूनः देहस्य कमलेभ्यः । एहि उपवने उल्लुण्टनं कृत्वा हृदये ॥१०२॥
ख़ाली नाफ़ों की तू तलाश में । क्यों उठाए मेहनत रंज को ॥ धर प्रेम सुंदर श्याम का । ख़ुशबू उलट के ले घट में आ ॥१०३ ॥	अन्वेषयसि त्वं निःसारपदार्थान् । कथं धरसि श्रमस्य क्लेशम् ॥ धर श्यामस्य सुंदरप्रेम । एहि घटे उलुण्टनं कृत्वा सुगन्धं गृहाण ॥१०३ ॥
तेरे मन में जो नहीं बासना । तन संग भोग बिलास की ॥ तब कौन तुझको खैंचता । कि तू जग की चोर सरा में आ ॥१०४॥	तव मनसि नास्ति या वासना । देहेन सह भोगविलासानाम् ॥ तदा कः आकर्षति त्वां । यत्त्वं जगतः चौरानां सदने आगच्छ ॥१०४॥
तेरी चाह दुख सुख रूप है। तेरा मन ही काल और जाल है ॥ तेरी आस जग की पुकारे है । कि तू फेर में तू और मैं के आ ॥१०५॥	तवेच्छा दुःखसुखमिश्रिता । तव मन एव कालपाशश्च ॥ जगतः आह्वानानि तवाशाः । यत्त्वं आगच्छ मम तव च चक्रे ॥१०५॥
तेरी है किधर को नज़र लगी । कि तू इस क़दर करे गाफ़िली ॥ तेरी मौत सिर पर है आ खड़ी । ज़रा आँख खोल कफ़न में आ ॥ १०६॥	कुत्र तव दृष्टिः । यत्त्वमेवमस्ति क्रियाशून्यः ॥ तव मृत्युरस्ति शिरसि । क्षणायोन्मील नेत्रे एहि मृताच्छादनवस्त्रे ॥ १०६॥
तेरे घट में गुरु दरबार से । हर वक्त आती है यह निदा ॥ तज बासना जग जार की । ले प्रेम अंग को घर में आ ॥१०७॥	गुरुसदनात् तव घटे । सदागच्छति अयं ध्वनिः ॥ त्यज वासनाः मिथ्याजगतः । प्रेमांगेन आगच्छ गृहे ॥१०७॥
ग़म इंतज़ार का सह रहा । तेरे दर्शनों को तड़प रहा ॥ ज़रा डग उठा के करो दया । छिन एक जान मेरे तन में आ ॥ १०८ ॥	दुःखं सहे विछोहस्य । व्याकुलोऽस्मि तव दर्शनाय ॥ किंचित् चरणमुत्थाय कुर्युः दयाम् । क्षणाय एकात्मा मम देहे आगच्छेत् ॥ १०८ ॥

॥ वजन २ ॥ रात गुरु भेदी ने मुझसे यों कहा	
हिंदी	संस्कृत
रात गुरु भेदी ने मुझसे यों कहा । तुम से गुरु का भेद नहिं राखूँ छिपा ॥१०९॥	निशायामवदत् माम् रहस्यभेदीगुरुणायम्। न तिरोभावयामि त्वत् गुरोः भेदम् ॥१०९॥
काम भक्ती के करो तुम सहज से। जो करो सख़्ती तो दुनिया सख़्त है ॥११०॥	भक्त्याः कार्याणि कुरु सहजेन त्वम्। कर्कशतां करिष्यसि चेत्तर्हि कर्कशः जगत् ॥११०॥
बिन प्रेम और भेद नहीं पतियाय धुन। याते कर अभ्यास भक्ती हे सजन ॥१११॥	प्रेमभेदं च विना न प्राप्यते ध्वनिः। हे प्रेमी तस्माद् कुरु अभ्यासं भक्तेः ॥१११॥
आस्माँ से आती है हरदम आवाज़ क्यों पड़ा दुनियाँ में नहिं सुनता उसे ॥११२॥	प्रतिपलं गगनादागच्छति ध्वनिः। कथं विचरसि जगदि न श्रृणोषि तम् ॥११२॥
कोई नहीं भेदी हैं सतगुरु धाम का। बस यही कि घंटे की आवे सदा ॥११३॥	न कोऽपि रहस्यभेदी सतगुरु धामस्य(धाम्नः)। अस्तु! घण्टा ध्वनिरागच्छेत् ॥११३॥

॥ वज़न ३ ॥ जब देखा तेज मैंने जो मालिक के नाम का	
हिंदी	संस्कृत
जब देखा तेज मैंने जो मालिक के नाम का । दिल और जान भेंट हुए गुरु के नाम का ॥११४॥	यदापश्यमहं प्रभो: नाम्न: ओजः। हृदयात्मा च समर्पितौ गुरो: नाम्न: ॥११४॥
प्यासों की प्यास बुझ गई धारा से नाम के । ऐसा है आब शीरीं अमी रूप नाम का ॥११५॥	पिपासा तृप्ता पिपासानां नाम्न: धारया । ईदृशः मधुरमाप: अमृतरूप नाम्नः ॥११५॥
नामी व नाम में है नहीं फ़रक़ देख ले । छबि यार की दिखाता है वह तेज नाम का ॥११६॥	पश्य न कोऽपि भेदः नामी च नाम मध्ये । नाम्नः तदोजः दर्शयति प्रभो: छविम् ॥११६॥
हिरदे में तुझको दीख पड़ेगा जमाल यार । जो रगड़ा उस पै नित्त दिया जावे नाम का ॥११७॥	हृदये द्रक्ष्यसि प्रभोः सुन्दरस्वरूपम् । यो भवेत् नाम्नः घर्षणं तस्मिन् नित्यम् ॥११७॥
मालिक का संग तुझको मिला यह सहीह जान । जो दिल में तेरे लाग रहा ध्यान नाम का ॥११८॥	प्रभो: सान्निध्यं प्राप्तं त्वया जानीहि शुद्धमिदम् । यो नाम्नः ध्यानं युनक्ति तव हृदये ॥११८॥
कर संग नाम का जो तू दीदार को चहे । मालिक का मेल है जो हुआ मेल नाम का ॥११९॥	वाञ्छसि दर्शनं चेत्तर्हि नाम्नः संगं कुर्यात् । नाम्न: मेलनं प्रभो: मेलः ॥११९॥
मालिक के लोक में तेरा हो जायगा गुज़र । जो तू उड़ेगा ऊँचे को बल लेके नाम का ॥१२०॥	प्रभोः पदं प्राप्स्यसि त्वम् । यो उत्पतस्यसि त्वमुच्चं नाम्नः बले ॥१२०॥
सुमिरन से नाम गुरु के तू ग़मगीं न हो कभी। मालिक का प्यार आवे जो हो प्यार नाम का ॥१२१॥	मा भव शिथिलं कदापि गुरोः नाम्न: स्मरणात्। नाम्नि भवेद् प्रेम चेत्तर्हि प्राप्स्यसि प्रभोः प्रेम ॥१२१॥

॥ प्रेम की महिमा ॥ सुरत मन में प्रेम गुरु जिसके बसा	
हिंदी	संस्कृत
सुरत मन में प्रेम गुरु जिसके बसा । फूल से ज़्यादा है हर दम वह खिला ॥१२२॥	यस्यात्मामनसि वसित: गुरो: प्रेम। प्रतिपलं विकसितः पुष्पातधिकः सः ॥१२२॥
प्रीति सतगुरु की तू हर दम धार यार । औलियाओं का बना इस ही से कार ॥१२३॥	हे मित्रं नित्यं धार सद्गुरोः प्रीतिम्। सिद्धपुरूषाणां प्रयोजनं साधितमनया ॥१२३॥
यह न जानो तुम कि हक़ मिलता नहीं वह है दाता उसको कुछ मुशकिल नहीं ॥ १२४॥	न ध्यायेत् यदप्राप्यं प्रभुः। दातारः ते न किमपि कठिनं तेभ्यः ॥ १२४॥
प्रेम कारन जिसने कीना ख़र्च माल। धन है वह जन उसको मिलिया प्रेम हाल ॥१२५॥	प्रेम्णः कारणात् येन व्ययीकृता सम्पदा। धन्य सः येन प्राप्तः प्रेम सद्यः ॥१२५॥
पहिले जिसने अपना घर दीना उजाड़ पाई फिर गुरु प्रेम की दौलत अपार ॥१२६॥	प्रथमं येनोन्मूलितं स्वगृहम्। तदनन्तरं प्राप्ता गुरोः प्रेम्णः संपदापारा ॥१२६॥
जग के जीवों के लिए दुनिया का मुल्क भक्त जन के वास्ते मालिक का मुल्क ॥१२७॥	जगत: जीवेभ्य: संसारस्य क्षेत्रम्। भक्तजनेभ्य: प्रभोः जगत् ॥१२७॥
प्रेम चाहे छेद देवे आस्माँ । प्रेम से पिरथी रहे कंपायमाँ ॥१२८॥	प्रेम छिन्द्यात् गगनं यद्यपि। प्रेम्णा पृथिवी कम्पयति ॥१२८॥
प्रेम डाले जोश से समुँदर को फाड़ । प्रेम चाहे रेत सम पीसे पहाड़ ॥१२९॥	प्रेमावेशे सागरं स्फोटयति। प्रेम पिनष्टि पर्वतं सिकतेव यद्यपि ॥१२९॥

॥ प्रेम की महिमा ॥ कड़ी १३०-१३८	
हिंदी	संस्कृत
प्रेम छिन में मुरदे को ज़िंदा करे । प्रेम पल में शाह को बंदा करे ॥१३०॥	प्रेम क्षणे करोति शवं जीवितम् । प्रेम क्षणे नृपं करोति सेवकम् ॥१३०॥
प्रेम सब कड़वाई को मीठा करे । प्रेम छिन में लोहे को कंचन करे ॥१३१॥	प्रेम करोति मधुरं सर्वां कटुताम् । प्रेम क्षणे आयसं करोति कंचनम् ॥१३१॥
पाक करता हैगा नापाकी को प्रेम । दूर कर देता है सब दरदों को प्रेम ॥१३२॥	प्रेमाशुचं करोति शुचम् । सर्वांपीडां हरति प्रेम ॥१३२॥
प्रेम से हो जाय काँटा गुल गुलाब । प्रेम से हो जाय सिरका ज्यों शराब ॥१३३॥	प्रेम्णा शूलं भवति पाटलीपुष्पम् । प्रेम्णा रसाम्ला भवति मदिरा ॥१३३॥
प्रेम अगिनी अपने हिरदे बालिये । फ़िकर भजन और बंदगी का जालिये ॥१३४॥	प्रज्ज्वल प्रेमाग्निं स्वहृदये । ध्यानोपासनायाः चिंतामपसारय॥१३४॥
प्रेमियों का मत है सब मत से जुदा । प्रेमियों का इष्ट है मालिक सचा ॥१३५॥	प्रेमीजनानां पन्थाः सर्वमतेभ्यः पृथक् । ऋतं प्रभुः प्रेमीजनानामिष्टः ॥१३५॥
कुफ़र उसका दीन है और दीन उसका नूरे जाँ। जो तू निरभय हो गया सारे जहाँ में हुई अमाँ ॥१३६॥	नास्तिकता दैन्यं च दैन्यमस्ति प्रभोः प्रकाशः । यो त्वं निर्भयः स्याः सर्वतः शांतिः जाता ॥१३६॥
इश्क़ वह शौला है जिस घट में वह रौशन हो गया । एक प्रीतम रह गया और बाक़ी सब जल भुन गया ॥१३७॥	प्रेम तदर्चिः यस्मिन् घटे प्रकाशितं तद् । इष्टैवावशिष्टः सर्वं ज्वलितं भर्जितञ्च ॥१३७॥
प्रेम जब आया सभी को रद किया । एक प्रीतम रहके बाक़ी बह गया ॥१३८॥	यदाविर्भूतः प्रेम सर्वं त्यक्तं तदा । सर्वं प्रवाहितं इष्टातिरिक्तम् ॥१३८॥

॥ प्रेम की महिमा ॥ कड़ी १३९-१४६	
हिंदी	संस्कृत
वाह वाह हे प्रेम तू है निरमला। ग़ैर को प्यारे सिवा दीना जला ॥१३९॥	धन्य: धन्य: हे प्रेम निर्मलोऽसि । प्रेम्णान्यत् ज्वलितं प्रिय: ॥१३९॥
रीत भक्ती की सुनो हे साधवा । लोभ की मत कर अमीरों से तू चाह ॥१४०॥	हे साधव: श्रृणुत भक्तिरीतिम् । मा कुरु लोभस्येच्छां धनाढ्येभ्य: ॥१४०॥
जिसके मन में है भरी भोगों की चाह । कस खुले मालिक का भेद और हो निबाह ॥१४१॥	यस्यमनसि इच्छास्ति भोगानाम् । कथमनावृतं भवेत् प्रभो: भेदं निर्वाहञ्च भवेत् ॥१४१॥
सौ तरंगें मन में तेरे हैं भरी । नूर मालिक का नहीं झलके ज़री ॥१४२॥	तव मनसि सन्ति शततरंगा: । न भवति क्षणिकदर्शनं प्रभो: तेजस: ॥१४२॥
दुनिया को चाहे तू और दीदार को । यह है मुशकिल अनसमझ है यार तू ॥१४३॥	उभयं वाञ्छसि जगद् प्रभो: दर्शनञ्च । कठिनमियं अज्ञ: मित्रं त्वम् ॥१४३॥
जो तेरी आँखों से परदा दें उठा । होगा दुनिया से तू बेज़ार और ख़फ़ा ॥१४४॥	तव नेत्राभ्यामावरणमुत्थापयेत् चेत्तर्हि । त्वं जगत: रुष्ट: क्रुद्धश्च भविष्यसि ॥१४४॥
धोखे उसके जब तुझे आवें नज़र | भाग जावेगा तू उससे दूरतर ॥१४५॥	यदा त्वं पश्ये: प्रपञ्चान् तस्य । तदा धाविष्यसि तस्माद्दूरतर: ॥१४५॥
खाना बे शुबहे का तुझको है ज़रूर । तो भजन तुझसे बनेगा बे क़सूर ॥१४६॥	सत्यनिष्ठया भक्षयिष्यसि चेत्तर्हि । ध्यानं भविष्यसि विघ्नहीनम् ॥१४६॥

॥ प्रेम की महिमा ॥ कड़ी १४७-१५४	
हिंदी	संस्कृत
जो तू खाना खागया हक़्क़ और हलाल । जीत लेगा मन को ऐ साहिब कमाल ॥१४७॥	स्वाधिकारश्रमयोश्च भोजनं करिष्यसि चेत्वम् । हे अद्भुतमानव! विजयं लप्स्यसे मनसि त्वम् ॥१४७॥
दूर कर मन से जो है गुरु के सिवाय । तब रहे प्रीतम तेरे मन में समाय ॥१४८॥	सर्वमपसारय मनसः गुरोरतिरिक्तम् । तदा विराजिष्यन्ति प्रभुः तव मनसि ॥१४८॥
जब तलक मन में तेरे है मान यार । हो नहीं सकता है मालिक तेरा यार ॥१४९॥	हे मित्रम्! यावत्पर्यन्तमस्ति अहंकारः तव मनसि । हे मित्रम्! न भवितुं शक्नुवन्ति प्रभोः तव ॥१४९॥
जब तेरे मन से हुआ अहंकार दूर । जा मिले मालिक से और पावे सरूर ॥१५०॥	यदा तव मनसः दूरं जातमहंकारः । प्रभुणा मेलः प्राप्स्यसि आनन्दः च भविष्यति॥१५०॥
अपने मालिक पै तू दे आपे को वार । जब नहीं तू तब रहा मालिक दयार ॥१५१॥	समर्पय स्वाहं स्वप्रभौ । यदा नासीत् तवाहं दयालुरासन् प्रभुः ॥१५१॥
जो कि तन मन से हुआ अपने जुदा । मिल गया बस उसको इसरारे खुदा ॥१५२॥	यो स्वतनुमनसश्च पृथग्जातः । तेन प्राप्तः प्रभोः भेदः ॥१५२॥
आँख कान और मुँह को अपने बंद कर । भेद मालिक का तुझे आवे नज़र ॥१५३॥	स्वनेत्रकर्णमुखानि च पिधातव्यानि । प्रभोः रहस्यं ज्ञास्यसि त्वम् ॥१५३॥
चाह दुनिया की करे मन को सियाह । गुरु से गुरु को माँग मत कर और चाह॥१५४॥	जगद्वासनाभिः मनः भवति कृष्णः । गुरुं याच गुरोः नान्यमिच्छ ॥१५४॥

॥ प्रेम की महिमा ॥ कड़ी १५५ - १६०	
हिंदी	संस्कृत
जिस क़दर तुझको है मालिक से पियार उससे ज्यादा तुझसे वह करता है प्यार ॥ १५५॥	यावन्मात्रं वाञ्छसि त्वं प्रभुम्। तदधिकं ते वाञ्छन्ति त्वाम् ॥ १५५॥
पर तुझे उसकी परख होती नहीं । मेहर की उसके ख़बर होती नहीं ॥१५६॥	परं त्वं न परीक्षितुं क्षमः तान्। तेषां दयायाः ज्ञानं न भवति ॥१५६॥
बुलहवस को दर्दे इश्क़ होता नहीं । सोज़ परवाने का मक्खी को नहीं ॥१५७॥	जगत: जीवे प्रेम्णः पीडा न भवति। शलभस्य पीडा न भवति मक्षिकाम् ॥१५७॥
इक जनम में दोलते दीदार पाय । हर किसी को वस्ल हक़ मिलता नहीं ॥१५८॥	एकस्मिन् जन्मनि दृष्टिरूपसंपदां प्राप्य। प्रभुणा सह मेलनमधिकारं न धरति प्रत्येकः ॥१५८॥
जो तू मूरत याकि अगनी पूजता । आओ आओ जैसे तैसे भाव से ॥१५९॥	यो त्वं पूजयसि अग्निमूर्तिं वा। एहि एहि भावेन येनकेनप्रकारेण ॥१५९॥
सौ दफ़े भूल और चूक होगी मुआफ़ । मत निरास होना तू इस दरबार से ॥१६०॥	त्रुटयः क्षमा भविष्यन्ति शतवारम्। मा भू निराशमस्माद् सदनात् ॥१६०॥

॥ ग़ज़ल ६ ॥ प्यारे ग़फ़लत छोड़ो सर बसर	
हिंदी	संस्कृत
प्यारे ग़फ़लत छोड़ो सर बसर, गुरु बचन सुनो तुम होश धर । मन की तरंगें रोक कर, सतसंग में तुम बैठो जाय ॥ १ ॥	प्रिय त्यज प्रमादं पूर्णत: चैतन्यं भूत्वा श्रृणु गुरुप्रवचनानि । मनसः तरंगा: अवरुद्ध्य, सत्संगे गत्वा तिष्ठ त्वम् ॥ १ ॥
गुरु का चरन पकड़ जकड़, गुरु का सरूप ध्यान धर । इस मन की खोवो सब अकड़, नैनन में तुम बसो आय ॥ २ ॥	गुरुचरणौ दार्ढ्येन गृहीत्वा, गुरुस्वरूपं ध्यात्वा । अस्य मनसः सर्वाभिमानं नश्यतु, नेत्रयोः त्वमागत्य विराजत ॥ २ ॥
यह दुनिया ख़्वाब ख़्याल है, जो आया यहाँ सो चाल है । क्या पूछो यहाँ क्या हाल है, यह काल कराला सब को खाय ॥ ३ ॥	जगदयं स्वप्नवस्तु: , अत्रागतः यः गमिष्यति सः । किं पृच्छसि का दशात्र, भयंकरः कालोऽयं भक्षयति सर्वान् ॥ ३ ॥
क्या भूला तू धन माल देख, माया का सब जाल पेख । काल करम की मिटे रेख, जो सतगुरु की सरन आय ॥ ४ ॥	किं विस्मरसि धनसम्पदां पश्य, जानीहि सर्वं मायापाशम् । रेखा मृद्यते कालकर्मणो: , आयाति यो सद्गुरुशरणम् ॥ ४ ॥
सतगुरु से कर आन प्यार, उनसे ले भेद सार । सुरत शब्द मारग अपार, सुरत मन धुन से लगाय ॥ ५ ॥	सद्गुरुणा कुरु प्रेम मर्यादया, तेभ्यः गृहाण भेदसारम् । अपारः सुरतशब्दस्य पन्थाः, आत्मामनसी ध्वनिना संयुज्य ॥ ५ ॥
देख अन्तर जोती जमाल, लख गगना में सूर लाल । सुन्न के परे महाकाल, सतगुरु संग चलो धाय ॥ ६ ॥	अन्तसि पश्य दिव्यप्रकाशम्, पश्य गगने रक्तसूर्यम् । सुन्नपदादग्रे महाकालस्य स्थानम्, धावित्वा चलतु सद्गुरुणा सह ॥ ६ ॥
मुरली धुन सुन रसाल, ऊँचे पर धरो ख़्याल | सत्तपुरुष निरखो जलाल, फिर अलख अगम परस जाय ॥७॥	श्रृणु मधुरवेणुध्वनिम्, ध्यानं धरोच्चपदे । पश्य सत्तपुरुषस्यैश्वर्यम् , तदनन्तरं गत्वा स्पृश अलखागमौ ॥७॥

धाम अनामी धुर अधर, निरखा जाय अति प्रेम कर । राधास्वामी चरनन सीस धर, अस्तुत उनकी रही गाय ॥ ८ ॥	अधरे अत्युच्चानामीधामः(धाम) अवलोकितं अति प्रेम्णा । शिरोधार्य राधास्वामीचरणौ, तेषां गायामि स्तुतिम् ॥ ८ ॥

॥ शब्द ७ (रेख़्ता) ॥ करो सतसंग सतगुरु का	
हिंदी	संस्कृत
करो सतसंग सतगुरु का, भेद घर का वहाँ पाओ । धार परतीत चरनन में, दीन दिल सरन में धाओ ॥ १ ॥	सद्गुरो: सत्सङ्गं कुरु, लभस्व गृहस्य भेदं तत्र । चरणयो: प्रतीतिं धार्य, दीनहृदयेन शरणे धाव॥१॥
समझ कर जगत में बरतो, फँसो नहिं जाल में उसके । रहो हुशियार इंद्रियन से, भोग सँग धोखा मत खाओ ॥ २ ॥	विवेकेन व्यवहर्तव्यं जगति मा बद्धीभू तस्य पाशे । सावधानं भव इन्द्रियेभ्यः , मा वञ्च भोगै: सह ॥२॥
शब्द का भेद ले गुरु से, करो अभ्यास तुम निस दिन। गुनावन जगत की तज कर, चित्त से ध्यान धुन लाओ॥ ३ ॥	गुरोः गृहाण शब्दभेदम् , प्रतिदिनं कुरु अभ्यासं त्वम् । जगद्भावान् त्यक्त्वा, चित्तेन ध्वने: ध्यानं कुरु॥३॥
जुगत से रोक मन घट में, ध्यान गुरु रूप का धारो । सुमिर राधास्वामी नाम हरदम, गुरू गुन नित्त तुम गावो ॥ ४ ॥	युक्त्या मनः घटे निरुद्ध्य, गुरुस्वरूपस्य ध्यानं कुरु । प्रतिपलं राधास्वामीनाम्नः स्मरणं कुरु, नित्यं गुरुगुणानां गानं कुरु त्वम् ॥४॥
सुरत मन तान गगना में, बजे जहाँ संख और घंटा । सुनो फिर शब्द ओंकारा, सुन्न चढ़ मानसर न्हावो ॥ ५ ॥	आत्मामनश्च गगने युङ्ग्धि दार्ढ्येन, यत्र नदतः घंटाशंखश्च । तदनन्तरं श्रृणु ओम् ध्वनिम् , सुन्नपदमारुह्य मानसरसि स्नानं कुरु॥५॥
भँवर गढ़ जा सुनी बानी, सत्तपुर जाय हुलसानी । अलख और अगम के पारा, अनामी धाम चढ़ जावो ॥ ६ ॥	भँवरगढ़ं गत्वा श्रुता वाणी, सत्तपुरं गत्वा प्रसन्ना जाता । अलखागमातिक्रम्य, अनामीधामं(धाम) आरोहतु॥६॥
मिली राधास्वामी से प्यारी, सरावत भाग निज अपना भटक में बहु जनम बीते, पड़ा मेरा ऐसा अब दावो॥ ७ ॥	मिलिता राधास्वामीदयालुना प्रिया:, प्रशंसति निजभाग्यम् मार्गात् परिभ्रंशने अनेकानि जन्मानि व्यतीतानि, अद्य मम सुअवसर: जातः॥७॥

॥ मसनवी ८ ॥ मैं सतगुरु पै डालूँगी तन मन को वार	
हिंदी	संस्कृत
मैं सतगुरु पै डालूँगी तन मन को वार । मैं चरनों में क़ुरबान हूँ बार बार ॥ १ ॥	सद्गुरौ समर्पयामि तनुमनसी । चरणयोः करोम्यात्मत्यागं पुनर्पुनः ॥ १ ॥
करूँ कैसे उनकी दया का बयान दिया मुझको प्रेम और परतीत दान ॥२॥	कथं वर्णयामि तेषां दयाम् । दत्तं मह्यं प्रेमप्रतीत्योः दानम् ॥२॥
खुली आँख जब मुझको आया नज़र । कि दुनियाँ है धोखे की जा सर बसर ॥३॥	यदानावृतं नेत्रमहमपश्यम् । यद् पूर्णतः प्रवञ्चनानां स्थलं जगत् ॥३॥
ज़मीन और ज़न और ज़र की है चाह । सभी जीव रहते हैं ख़्वार और तबाह ॥४॥	भूमिस्त्रीधनानाञ्चाभिलाषा वर्तते । सर्वे जीवाः सन्ति व्याकुलातिरस्कृताश्च ॥४॥
हुए मुबतिला दाम हिरसो हवस । न पावें कहीं चैन वह एक नफ़स ॥ ५ ॥	बद्धीभूताः जगद्वासनानां पाशे । न प्राप्नुवन्ति शान्तिं एकक्षणाय ॥ ५ ॥
न मालिक का ख़ौफ़ और न मरने का डर। न खोजें कभी अपने घर की ख़बर ॥६॥	न प्रभोर्भयः न मृत्योर्भयः । कदापि नान्वेषयन्ति निजगृहस्य वृत्तान्तम् ॥६॥
करें फ़िकर मेहनत से दुनियाँ के काम । रहें इस्त्री और धन के ग़ुलाम ॥ ७ ॥	परिश्रमेण चिन्तनेन च कुर्वन्ति जगद्कार्याणि। पराधीनाः सन्ति स्त्रीधनयोश्च ॥ ७ ॥
जो दुनियाँ के नामावारी के हैं काम । दिलो जाँ से उसमें पचें हैं मुदाम ॥ ८ ॥	ये जगतः यशप्राप्तेः कार्याणि। आत्माहृदयेन च सदैव संलग्नाः भवन्ति तेषु ॥ ८ ॥
भरा हैगा भोगों की ख़्वाहिश से मन । उसी में लगाते हैं धन और तन ॥ ९ ॥	मनः जगद्भोगवासनाभिः युक्तोऽस्ति। तासु एव युञ्जन्ति धनञ्च तनुश्च ॥ ९ ॥
न शरमो हया उनको माँ बाप की । न कुछ फ़िक्र है पुन्न और पाप की ॥१०॥	मातुः पितुः च लज्जा नास्ति तान्। न कापि चिन्ता पुण्यपापयोः ॥१०॥
जो मन इन्द्री पावें लज़्ज़ात को । ग़नीमत समझते हैं इस बात को ॥११॥	ये मनेन्द्रियाणि प्राप्नुवन्ति जगद्भोगेष्वानन्दम् । श्रेष्ठं मन्यन्ते इमम् ॥११॥
जो दुनियाँ के सामाँ मुयस्सर हुए। हुए ख़ुश दिल और मान में सब मुए ॥ १२॥	यज्जगतः पदार्थाः प्राप्ताः। हृदयाः प्रसन्नाः जाताः सर्वे मृताः सम्माने च ॥ १२॥
नहीं जीव का अपने उनको ख़याल	न विचारयन्ते स्वात्माविषये।

कि मरने पै क्या होयगा उसका हाल ॥१३॥	यत् मरणकाले का दशा भविष्यति तस्य ॥१३॥
कहाँ से वह आता है जाता कहाँ । कहाँ कौन है मालिके जिस्मो जाँ ॥१४॥	कुत्रतः सः आगच्छति च कुत्र गच्छति। कुत्र कोऽस्ति प्रभोः देहात्मा च ॥१४॥
कोई जो कहाते हैं परमारथी । जो देखा तो वह हैं निपट स्वारथी ॥१५॥	कश्चित् स्वं परमार्थी वदन्ति । यदपश्यत् सः तु पूर्णतः स्वार्थी ॥१५॥
करें ज़ाहिरी पाठ पूजा मुदाम । सुनें भागवत और गीता तमाम ॥१६॥	सदैव कुर्वन्ति पूजापाठान् प्रदर्शनाय। भागवतगीतायाश्च पाठं श्रृण्वन्त्यधिकम् ॥१६॥
मगर दिल पै उनके न होवे असर । न मरने का ख़ौफ़ और न नरकों का डर ॥ १७॥	परं तेषां हृदयेषु न भवति प्रभावः। न मृत्योर्भयः न नरकस्य भयः ॥ १७॥
करें तीरथ और यात्रा शौक़ से । रखें बरत और दान दें ज़ौक़ से ॥१८॥	कुर्वन्ति तीर्थयात्राञ्चोत्साहेन। पालयन्ति व्रतं ददति दानञ्चोत्साहेन ॥१८॥
मगर होवे दुनियाँ का मतलब ज़रूर । रहे है यही आस हिरदे में पूर ॥१९॥	परं भौतिकस्वार्थं भवत्यवश्यमेव। अनयैवाशया व्याप्तं हृदयम् ॥१९॥
जो दुनियाँ की कुछ आस होवे नहीं । तो इस काम में पैसा ख़रचें नहीं ॥२०॥	या कापि न भवेत् भौतिकाशा चेत्तर्हि। अस्मिन् कार्ये धनव्ययं न कुर्यात् ॥२०॥
जो मालिक का भेद इनसे कहवे कोई । उड़ावें हँसी और न मानें कभी ॥२१॥	यो कोऽपि कथयति प्रभोः रहस्यं एभिः। परिहासं कुर्वन्ति न स्वीकुर्वन्ति च कदापि ॥२१॥
भरा हैगा मन उनका शुबहात से । न बाचें जहालत की आफ़ात से ॥ २२ ॥	तेषां मनः युक्तोऽस्ति संदेहैः । नावेयुः मूर्खताजन्यविपत्तिभिः ॥ २२ ॥
वह सन्तों के कहने को मानें नहीं। सफ़ा बुद्धि से बात तोलें नहीं ॥ २३ ॥	ते न स्वीकुर्वन्ति संतप्रवचनान् । न तोलयन्ति वार्तां स्वच्छमत्या ॥ २३ ॥
कहूँ क्या कि दिल में हैं वे नास्तिक । मगर धन के लेने को हैं आस्तिक ॥२४॥	किं वच्मि सन्ति ते नास्तिकाः हृदये। किन्तु धनगृहणाय सन्ति ते आस्तिकाः ॥२४॥
होवे ऐसे जीवों का कैसे निबाह । जहन्नुम की अगिनी में पावेंगे दाह ॥२५॥	ईदृशानां जीवानां निर्वाहं भवेत् कथम् । नरकस्याग्नौ दहनं प्राप्स्यन्ति ॥२५॥
वहाँ हाथ मल मल के पछतायेंगे । किये अपने कामों का फल पायेंगे ॥२६॥	तत्र हस्तमर्दनं कृत्वा पश्चात्तापं करिष्यन्ति । स्वकृतकर्माणां फलं प्राप्स्यन्ति ॥२६॥
मदद कोई उनकी करेगा नहीं । कोई इनका रोना सुनेगा नहीं ॥२७॥	न कोऽपि भविष्यति तेषां साहाय्यः । न कोऽपि रुदनं श्रोष्यति एषाम् ॥२७॥

पकड़ इनको जमदूत देवेंगे मार । सरप इनकी गरदन में देवेंगे डार ॥२८॥	यमदूताः गृहीत्वा हनिष्यन्ति इमान् । ग्रीवायां सर्पं पातयिष्यन्ति एषाम् ॥२८॥
अगिन खंभ से बाँध देंगे इन्हें । अगिन कुंड में ग़ोता देंगे इन्हें ॥२९॥	अग्निस्तम्भेन पाशिष्यन्ति इमान् । अग्निकुण्डे निमज्जनं कारयिष्यन्ति इमान् ॥२९॥
निहायत दुखी होके चिल्लायेंगे । यह गफ़लत का फल अपना यों पायेंगे ॥३०॥	अति दुःखीभूत्वा चीत्कारं करिष्यन्ति । एवं प्राप्स्यन्ति स्वप्रमादस्य फलम् ॥३०॥
निरख करके जीवों का अस हाल ज़ार सन्त आये दुनिया में औतार धार ॥३१॥	ईदृशी दुर्गतिं दृष्ट्वा जीवानाम् । जगत्यवतरिताः सन्तपुरुषाः ॥३१॥
दया कर सुनावें उन्हें घर का भेद । मेहर से करें दूर करमों का खेद ॥३२॥	दयां धार्य श्रावयन्ति तान् गृहस्यभेदम् । दयया दूरं कुर्वन्ति कर्माणां खेदम् ॥३२॥
राह घर के जाने की देवें लखा । सुरत शब्द मारग का देवें पता ॥३३॥	पन्थानं प्रदर्शयन्ति गृहं गमनाय । सङ्केतं ददति सुरतशब्दमार्गस्य ॥३३॥
हर एक घट में आवाज़ होती मुदाम । वही शब्द की धुन है और वोही नाम ॥३४॥	प्रतिघटं भवति ध्वनिः सदैव । सैवशब्दध्वनिः सैव नाम च ॥३४॥
सुने जो कोई धुन को चित धर के प्यार । वही जीव घर जावे तिरलोकी पार ॥३५॥	चित्ते प्रेमधार्य यो कोऽपि श्रृणोति ध्वनिम् । गृहं गच्छति सैवात्मा त्रिलोकीमतिक्रम्य ॥३५॥
सुनो भेद मंज़िल का अब राह के । वह है सात बालाय छः चक्र के ॥३६॥	सम्प्रति श्रृणु लक्ष्यभेदं मार्गस्य । तदस्ति षड्चक्राणामुपरि सप्तमम् ॥३६॥
यह हैं नाम छै चक्करों के सुनो । गुदा इन्द्री और नाभी गिनो ॥३७॥	इमे सन्ति नामानि श्रृणु षड्चक्राणाम् । गुदोपस्थनाभिं च गणयतु ॥३७॥
चकर चौथा हिरदय गुलू पाँचवाँ । छठा दोनों आँखों के है दरमियाँ ॥३८॥	चतुर्थचक्रं हृदयं पंचमः कण्ठः । षट् द्वयोः नेत्रयोर्मध्ये ॥३८॥
इसी जा पै है सुर्त रूह का क़याम । परे इसके सन्तों के सातों मुक़ाम ॥३९॥	अस्मिन्नेव स्थले अस्ति आत्मनः स्थितिः । अस्यानन्तरं सन्तपुरुषाणां सप्तस्थलानि ॥३९॥
सहसदल है पहला गगन दूसरा । सुन्न पर महासुन का मैदाँ बड़ा ॥४०॥	सहस्रदलपदं प्रथमं गगनं च द्वितीयम् । सुन्ने महासुन्नस्य बृहद्क्षेत्रम् ॥४०॥
गुफा लोक चौथा है सोहंग नाम । परे इसके सतलोक आली मुक़ाम ॥४१॥	चतुर्थ सोहंगनाम्नः गुहालोकोऽस्ति। अस्यानन्तरं विद्यते सर्वोच्चं सतलोकपदम् ॥४१॥

अलख लोक की क्या कहूँ दस्तगाह । अगम लोक सन्तों का है तख्तगाह ॥४२॥	किं वच्मि अलखलोके व्याप्तशक्तिविषये। अगमलोकोऽस्ति सन्तपुरुषाणां सिंहासनगृहम् ॥४२॥
परे इसके है कुल्ल मालिक का धाम । अपार और अनन्त राधास्वामी है नाम ॥४३॥	अस्यानन्तरमस्ति आवासः पूर्णप्रभोः । अपारानन्तश्चास्ति राधास्वामीनाम ॥४३॥
अकह और अगाध और यही है अनाद । यहीं से उठी मौज और आद नाद ॥४४॥	अवर्णनीयागाधाश्चायमेवास्ति अनादः । अस्मादेवस्थलादुत्थितौ तरंगादिशब्दश्च ॥४४॥
नहीं कोई जाने है यह भेद सार । रहे थक के सब कोई गगना के वार ॥४५॥	न कोऽपि जानाति भेदसारोऽयम्। सर्वे श्रान्ताः गगनपर्यन्तम् ॥४५॥
करम और धरम में रहे सब अटक । नहीं जिव के कल्यान की कुछ खटक ॥४६॥	सर्वे कर्मधर्मयोश्च विरामयन्ति। नास्ति काऽऽपि आत्मनः कल्याणस्य चिन्ता॥४६॥
रहे पूजते देवी देवा को झाड़ । न मालिक का खोज और न दिल में पियार ॥४७॥	पूर्णतः देवीदेवानां पूजायां संलग्नाः। न प्रभोरन्वेषणं न हृदये प्रीतिः॥४७॥
रहे पिछली टेकों में भूले मुदाम । नहीं जानें महिमा गुरू और नाम ॥४८॥	सदैवातीतप्रथासु विस्मृताः । गुरोः नाम्नश्च महिमां न जानन्ति ॥४८॥
अगर चाहो तुम अपना सच्चा उधार । तो सतगुरु को जल्दी से लो खोज यार ॥४९॥	वाञ्छसि स्व सत्यमुद्धारः चेत्तर्हि । सद्यः कुरु अन्वेषणं सद्गुरोः ॥ ४९ ॥
बचन संत सतगुरु के चित दे सुनो। प्रीति और परतीत हिरदे धरो ॥ ५० ॥	चित्तेन श्रृणु संतसद्गुरोः प्रवचनानि । धर प्रीतिप्रतीतिश्च हृदये ॥५०॥
पियो चरन अमृत को तुम प्रीत से । भरम काटो परशादी के सीत से ॥ ५१ ॥	प्रीत्या पानं कुरु चरणामृतस्य । कृन्त भ्रमाः प्रसादस्य शैत्येन ॥ ५१ ॥
करो उनका सतसंग तुम बार बार । लेवो शब्द मारग का उपदेश सार ॥ ५२ ॥	कुरु तेषां सत्संगं पुनः पुनः त्वम् । गृहाण शब्दमार्गस्य उपदेशसारम्॥ ५२ ॥
करो मन से मालिक का सुमिरन मुदाम परम पुर्ष राधास्वामी है उनका नाम ॥ ५३ ॥	सदैव मनसा प्रभोः स्मरणं कुरु । परमपुरुषराधास्वामीनाम तेषामस्ति ॥ ५३ ॥
गुरु रूप का ध्यान हिरदे में लाय ।	गुरुस्वरूपस्य ध्यानं हृदये धार्य ।

सुरत और मन शब्द धुन से लगाय ॥ ५४ ॥	आत्मामनसी शब्द ध्वनिना सह युङ्क्ताम्॥ ५४ ॥
यह अभ्यास नित घट में करना सही। कटें मन के औगुन इसी से सभी ॥ ५५ ॥	नित्यं कुर्यात् घटे अभ्यासोऽयं सम्यक् रूपेण । कृन्तन्ति मनसः सर्वेऽवगुणा अनेन ॥ ५५ ॥
कोई दिन में दरशन गुरू के मिलें । सुनें शब्द की धुन सुरत मन खिलें ॥ ५६ ॥	केचित् दिवसेषु गुरोः दर्शनाः लप्स्यन्ते । शब्दनादं श्रुत्वात्मामनसी प्रफुल्लितौ भविष्यतः॥५६॥
इसी तरह नित घट में आनन्द पाय | बढ़त जाय आनन्द मन शान्ति लाय ॥ ५७ ॥	एवं नित्यं घटे आनन्दं प्राप्नुयात् । वर्धते आनन्दं मनसि शान्तिः जायते ॥ ५७ ॥
कोई दिन में मुक्ति का पावे सरूर । तू हो जाय तन मन से न्यारा ज़रूर ॥ ५८ ॥	केचित् दिवसेषु मुक्तेः आनन्दं प्राप्स्यसि । त्वं तनुमनोभ्याम् पृथग् भविष्यसि अवश्यमेव ॥ ५८ ॥
प्रीति और परतीत दिन दिन बढ़े। तेरे मन में गुरु प्रेम का रँग चढ़े ॥ ५९ ॥	प्रीतिप्रतीतिश्च प्रतिदिनं वर्धिष्येते । तव मनसि गुरोः प्रेमरंगं व्याप्तं भवेत् ॥ ५९ ॥
उमँग कर तू सतगुरु की सेवा करे । प्रेम अंग ले नित्त आरत करे ॥ ६० ॥	उत्साहेन कुर्याः त्वं सद्गुरुसेवाम् । प्रेमाङ्गेन नित्यं आरतिं कुर्याः॥ ६० ॥
मिले प्रेम की तुझको दौलत अपार । सरावेगा भागों को तब अपने यार ॥ ६१ ॥	प्रेम्णः प्राप्तं भविष्यति अपारसम्पत्तिः त्वाम् । मित्रं तदा प्रशंस्यसि स्व भाग्यानि त्वम् ॥ ६१ ॥
किया अब यह उपदेश ख़त्म राग । जो माने उसी का जगे पूरा भाग ॥ ६२ ॥	उपदेशस्य इदं गीतं समाप्तं कृतम् । स्वीकरोति यः जागर्ति तस्यैव पूर्णभाग्यम्॥ ६२ ॥
करोगे जो हित चित से नित तुम यह कार। करें राधास्वामी तुम्हारा उधार ॥ ६३ ॥	प्रेम्णा चित्तेन च त्वं करिष्यसि इदं कार्यं नित्यं चेत् । राधास्वामीदयालुः तवोद्धारं करिष्यन्ति ॥ ६३ ॥
जपो प्रीत से नित्त राधास्वामी नाम । पाओ मेहर से एक दिन आदि धाम ॥ ६४ ॥	प्रेम्णा नित्यं राधास्वामीनाम्नः स्मरणं कुरु । आशीर्वृष्ट्या प्राप्स्यसि एकस्मिन् दिवसे राधास्वामीधामम्(धाम) ॥६४॥